# बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के प्रशासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना-800023
दूरभाष संख्या:-0612-2285262

**संचिका संख्या :- बि०वि०मि०-04/2016 (कार्य आवंटन)-1501 पटना-, दिनांक 09/9/26**

## -:: कार्यालय आदेश ::-

बिहार विकास मिशन में कार्यों के सुचारू संपादन हेतु कार्यालय आदेश संख्या-1410, दिनांक-08.10.2025 द्वारा **श्री संजय कुमार, भा०प्र०से०, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन** को शक्तियों का प्रत्यायोजन किया गया है। कार्यकारी समिति की 11वीं बैठक में लिए गये निर्णय के आलोक में आदेश संख्या-1427, दिनांक-31.07.2026, आदेश संख्या-1428, दिनांक-31.07.2026 एवं आदेश संख्या-1429, दिनांक-31.07.2026 द्वारा बिहार विकास मिशन में नियोजित संविदा कर्मियों के सेवा शर्तों में संशोधन तथा सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग, बिहार, पटना का पत्रांक-930, दिनांक-05.06.2024 एवं बेल्ट्रॉन, पटना के आदेश ज्ञापांक-MP-117/24, दिनांक-15.02.2024 द्वारा बेल्ट्रॉन के कर्मियों के सेवा शर्तों में किये गये संशोधन के आलोक में कार्यहित में मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन को कतिपय अतिरिक्त शक्तियों का प्रत्यायोजन निम्नवत् किया जाता है:-

1. बिहार विकास मिशन में बेल्ट्रॉन/ बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाईटी से प्रतिनियुक्त कर्मियों को अनुमान्य अर्जित अवकाश/ पितृत्व अवकाश/ अवैतनिक अवकाश/ चिकित्सा अवकाश एवं अनुमान्य अन्य अवकाशों को स्वीकृत करने हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन को प्राधिकृत किया जाता है।
2. बिहार विकास मिशन में नियोजित संविदा कर्मियों को अनुमान्य पितृत्व अवकाश, उपार्जित अवकाश, अवैतनिक अवकाश (अधिकतम 30 दिनों तक) एवं HR Manual के अन्तर्गत अनुमान्य अन्य अवकाशों की स्वीकृति हेतु मुख्य महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन को प्राधिकृत किया जाता है।
3. यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

9/9/26

**(अरविन्द कुमार चौधरी)**
सदस्य सचिव

**ज्ञापांकः-बि०वि०मि०-04/2016 (कार्य आवंटन)-1501 पटना, दिनांक 09/9/26**

**प्रतिलिपिः-** श्री संजय कुमार, मुख्य महाप्रबंधक/ सभी महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

9/9/26

सदस्य सचिव